




डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/ म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26

ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 18 | अंक 326 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | बुधवार 11 सितम्बर 2024 | मूल्य 2 रुपया





## अंतिम यात्रा

हमारी पूज्य माताजी, धर्मेन्द्र व विनोद की काकीसाब, महेश मंत्री (बांसवाड़ा) की सासुमाँ, अभिषेक, सचिन, सौरभ, दिव्य और मनन की पूज्य दादीजी श्रीमती पुष्पलताजी सोनी (धर्मपत्नी स्व श्री जगदीशचंद्र जी सोनी) का देवलोकगमन 10 सितम्बर 24, मंगलवार को हो गया हैं। अंतिम यात्रा दिनांक 11 सितम्बर 24, बुधवार को प्रात: 9 बजे निज निवास सी-1, जनता कॉलोनी, संजीत रोड मन्दसौर से निकलेगी। अंतिम यात्रा शव वाहन से मुक्तिधाम जाएगी।

*** शोकाकुल ***

रचना-महेश मंत्री, राहुल सोनी माहेश्वरी(पत्रकार), मंदसौर, धर्मेंद्र सोनी जावरा, विनोद सोनी निंबाहेड़ा


# नौ करोड़ रुपए महीने का है मछली का अवैध कारोबार

## डोडाचूरा की तरह मछली के कारोबार में हो चुकी गैंगवार, 20 टन अवैध मछली प्रतिदिन पहुंचती है बाजार में

**मंदसौर, 10 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** मछली के अवैध कारोबार में शुरू हुआ छोटा विवाद कई बार गैंगवार में बदल चुका है। इस तरह की गैंगवार में कई हत्याए हो चुकी है और हत्या के प्रयास के मामले कई बार सामने आ चुके है।

मछली के कारोबार को लेकर जिले में गैंगवार सहित कई विवाद सामने आ चुके हैं। युवराजसिंह हत्याकांड का कारण भी मछली का कारोबार रहा। खुलासा बाजार में पहुंच रही अवैध मछली और मत्स्य महासंघ द्वारा की जा रही कार्रवाई के बड़े अंतर से होता है। रोज करीब 20 टन अवैध मछली बाजार में पहुंच रही है। जबकि, मछली विभाग और पुलिस टीम पूरे साल में औसत दस टन ही अवैध मछली पकड़ते हैं।

### बेरोकटोक सप्लाई हो रही है मछली, कहीं नहीं होती कार्रवाई...

कारोबार से जुड़े लोगो की माने तो 9 करोड़ रुपए महीने का मछली का अवैध व्यापार होता है। गांधीसागर, पायाखेड़ी, धाराखेड़ी, एल्वी महादेव, संजीत, कोलवी, करिया व गांगसी से करीब 30-32 लाख रुपए कीमत की 20 टन मछली रोज मंदसौर शहर सहित अंचल के बाजार में पहुंचती है। सबसे ज्यादा मछली मंदसौर मंडी में ही बिकती है। इन सभी स्थानों से मंदसौर तक मछली पहुंचने के बाद भी रास्ते में कहीं भी कोई कार्रवाई नहीं होती। बताया जाता है विभिन्न स्थानों से मछली मंदसौर तक पहुंचने के बीच नाहरगढ़, सीतामऊ सहित अन्य थाना क्षेत्र पड़ते हैं। लेकिन पुलिस की सांठगांठ के चलते रोज अवैध मछली बाजार तक पहुंच जाती है।

### ऐसे करते हैं बचाव...

मत्स्य महासंघ के अलावा मत्स्य विभाग भी छोटे तालाबों से मछली पकडने के लिए ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत के माध्यम से समितियों को पट्टे जारी करता है। इनकी आड़ में भी कथित लोग मछली का अवैध व्यापार करते हैं।

### गांधीसागर बड़ा मत्स्य पालन सेंटर...

गांधीसागर बांध की मछली की डिमांड पूरे देशभर में है। जिले में गांधीसागर क्षेत्र मत्स्य पालन का बड़ा सेंटर है। यहां से प्रतिवर्ष 3000 मीट्रिक टन मछली दिल्ली, कोलकाता, मुंबई भेजी जाती है। मछली की वैरायटी को लेकर भी गांधीसागर खासी पहचान बना चुका है। इसी साल से गांधीसागर में केज सिस्टम लगाकर 10 प्रकार की नई मछलियों का उत्पादन किया जा रहा है। हालांकि, फिलहाल उत्पादन प्रारंभिक स्तर पर है। इससे यह बात साफ हो गई है कि यहां के पानी में विभिन्न प्रकार की मछलियों का उत्पादन हो सकता है। जिनकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में मांग है।

### इन मछलियों का होता है निर्यात...

गांधीसागर में कतला, मृगल (नरेल), पडन, पाबदा, बाम, रोहू, सिंगार, कुंदन, लाची सहित अनेक प्रकार की मछलियों का निर्यात होता है। मछली उत्पादन व मांग अधिक होने का मुख्य कारण पठारी क्षेत्र की नदी में उत्पादन होना है। यहां बहने वाली चंबल नदी पठारी है और बारहमासी है। इससे वह विभिन्न क्षेत्रों में बहकर यहां से गुजरती है। इससे उसमें मछली उत्पादन के पोषक तत्व अधिक पाए जाते हैं। मछलियों का मीठा स्वाद होने से मांग ज्यादा है।



# युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मिली लाश

## मछली ठेकेदार के लोगों पर लगाया हत्या का आरोप, लोगों ने किया चक्काजाम, दो घंटे तक समझाते रहे अधिकारी

**गरोठ, 10 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** चंबल नदी के किनारे बालोदा-मोलाखेड़ी घाट पर एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिला है। परिजनों ने गांधीसागर मछली ठेकेदार कंपनी के कर्मचारियो पर हत्या का आरोप लगाया है। युवक का शव मिलने से आसपास के ग्रामों में सनसनी फैल गई। बड़ी संख्या में मृतक के परिजन, रिश्तेदार तथा समाज के नागरिक इकट्ठा होकर गरोठ पहुंचे, जहां पर उन्होंने अस्पताल चौराहे पर घटना का विरोध करते हुए मामले में कठोर कार्यवाही किए जाने की मांग कर चक्काजाम लगा दिया। करीब 2 घंटे तक चक्काजाम के बाद एसडीएम चंदरसिंह सोलंकी तथा अन्य अधिकारियों की समझाइश बाद चक्काजाम समाप्त हुआ।

जानकारी के मुताबिक लखमखेड़ी निवासी अजय पिता घासीराम मीणा ने पुलिस को बताया कि 9 सितंबर शाम करीब 6-7 बजे के बीच उसके पिता घांसीराम मीणा गांव के मदनलाल पिता मोतीलाल मीणा के साथ बालोदा गए थे। एक घंटे बाद नहीं लौटे तो मैने पिता को फोन किया। लेकिन, पिता का फोन बंद आया। इसके बाद पुत्र अजय मीणा अपने बड़े पिता के पुत्र गोपाल मीणा के साथ बालोदा तरफ ढूंढने पहुंचा, जहां अजय को पिता के साथ गया मदन मीणा मिला। अजय ने जब मदन मीणा से अपने पिता घांसीराम मीणा के बारे में पूछा तो मदन ने बताया कि यह दोनों चंबल नदी के किनारे गांधीसागर जलाशय के मछली ठेकेदार का कर्मचारी रविंद्र शर्मा एवं उसके तीन-चार अन्य साथियों के पास गए थे। वह लोग स्पीड बोट पर थे। अजय का पिता घांसीराम उनसे बात कर रहा था इसी बीच उन्होंने मुझे ( मदन मीणा को) स्पीड बोट के पास खड़े नाव वाले बबलू पिता केशुराम निवासी रामपुर वाले के साथ बालोदा बाजार से कुछ सामग्री लाने के लिए भेज दिया। जब मैं लौटा तो वहां स्पीड बोट व उस पर सवार ठेकेदार का कर्मचारी रविंद्र शर्मा उसके तीन-चार साथी व घासीराम वहां से गायब थे। मैं उन्हें ही ढूंढ रहा हूं। इसके बाद फरियादी अजय ने अपने परिजनों को घटना की जानकारी दी और ग्रामीणों के साथ पिता घासीराम की खोज शुरू की। देर रात जूना मौलाखेड़ी खुर्द डूब चंबल नदी के किनारे उनके शव पड़े होने की सूचना मिली। जिसके बाद वहां जाकर देखा तो घासीराम मीणा के दाहिने पैर, बाएं कंधे व हाथ पर गहरी चोट लगी हुई थी, वे मृत अवस्था मे थे।

**अस्पताल चौराहे पर दो घंटे तक चक्काजाम, बाइक सवारों से झूमाझपटी, पुलिस के विरुद्ध लगे नारे**–पुलिस द्वारा मगंलवार प्रात: 7 बजे मामले में मर्ग कायम किए जाने की जानकारी दिए जाने से परिजन तथा अन्य लोग नाराज हो गए और मामले में हत्या का प्रकरण दर्ज किए जाने, आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी किए जाने, मृतक परिवार को शासन से आर्थिक सहायता दिलाने तथा चेकिंग के नाम पर आए दिन चंबल जलाशय के मछली ठेकेदार के कर्मचारियों द्वारा ग्रामीणों के साथ की जा रही मारपीट तथा अभद्र व्यवहार पर अंकुश लगाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने अस्पताल चौराहे पर चक्काजाम शुरूकर दिया। करीब दो घंटे तक मौजुद पुलिसकर्मी चक्काजाम समाप्त करने के लिए समझाते रहे, परंतु ग्रामीण नहीं माने। इस दौरान ग्रामीणों द्वारा सड़क से निकलने वाले दो पहिया चालकों को भी रोकने का प्रयास किया गया। दो-तीन बाइक सवार से झूमा झपटी तथा विवाद की नौबत भी आई। सूचना मिलने पर एसडीएम सोलंकी सहित अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे। जहां उन्होंने ग्रामीणों को समझाइश दी और चक्काजाम समाप्त कराया।

**आरोपियों को पकड़ने के लिए टीमें बनाई**–एसडीओपी राजाराम धाकड़ ने बताया कि मामले में पुलिस ने सुबह मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया है। परिजनों के बयान के आधार पर मामला हत्या का दिखाई दे रहा है। मामले में पुलिस द्वारा आरोपियों की पकड़ के लिए टीमों को रवाना किया गया है। पुलिस द्वारा मामले में सक्रियता से कार्रवाई की जा रही है।

# टैंकर की टक्कर से बाईक सवार युवक की मौत, एक घायल

**नीमच, 10 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** भाटखेड़ा चौराहा पर अडानी विल्मर फैक्ट्री के पास सोमवार रात में एक हादसा हो गया। इसमें बाइक और टैंकर की आमने-सामने टक्कर में बाइक चालक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि, एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों को बड़े अस्पताल लाया गया।

मृतक भारत केलुखेड़ा का रहना वाला था। वह रोजाना की तरह हिंगोरिया की धानुका फैक्ट्री से मजदूरी कर घर लौट रहा था। तभी सोया फैक्ट्री के पास एक तेज रफ्तार दूध टैंकर ने बाइक जोरदार टक्कर मार दी। घटना के बाद भारत और उसके साथ बाइक पर बैठे उसके दोस्त को एम्बुलेंस की मदद से बड़े अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने भारत को मृत घोषित कर दिया। जबकि, उसका साथी गम्भीर रूप से घायल है। घायल के हाथ पैर में चोट आई है। गांव के सरपंच प्रतिनिधि दिनेश पाटीदार ने बताया कि भारत घर का एक मात्र कमाने वाला सदस्य था। उसकी कुछ साल पहले ही शादी हुई थी। उसका एक 10 माह का बेटा भी है। पिता लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे हैं। परिवार की जिम्मेदारी युवक पर ही थी, ऐसे में युवक की मौत से परिजनों का बुरा हाल है।

# एक सौ साल से नर्मदा के पत्थरों से बना रहे शिवलिंग, अयोध्या में भी यहीं से भेजा जाएगा

**खरगोन, 10 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** जिला मुख्यालय से 80 किमी दूर बेड़िया के पास स्थित नर्मदा किनारे गांव बकावां में कण-कण में भगवान शिव हैं। यही वजह है कि यहां बना शिवलिंग अयोध्या के नवनिर्मित राम मंदिर में भी स्थापित किया जाएगा।

इसकेलिए रविवार को रामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय बकावां गांव पहुंचे थे। यहां नर्मदा नदी से निकले कंकर-पत्थर को तराश कर शिवलिंग बनाया जाता है। ये शिवलिंग बिना प्राण-प्रतिष्ठा भी स्थापित किए जा सकते हैं। यहां करीब 100 साल से नर्मदेश्वर शिवलिंग बनाए जा रहे हैं। पहले सीधे तौर पर नर्मदा के पत्थरों को निकालकर स्थापित करके पूजा की जाती थी। मगर, बाद में इन पत्थरों को छेनी-हथौड़ा से तराशा जाने लगा और अब मशीनों, ग्लेंडरों की मदद से यह काम किया जाता है।

### 25 फीट तक के बनते हैं शिवलिंग...

गांव के सेवकराम बताते हैं कि केवट परिवारों ने शिवलिंग बनाने का काम शुरू किया था। अब गांव के 250 से ज्यादा परिवार शिवलिंग बनाने का काम कर रहे हैं। यहां एक इंच से लेकर 25 फीट तक के शिवलिंग बनाए जाते हैं, जो देश ही नहीं विदेश में भी पहुंचाएं जाते हैं।



शिवलिंग के अलावा यहां नंदी की मूर्तियां भी शिल्पकारों द्वारा बनाई जा रही है। शास्त्रों के अनुसार, नर्मदा नदी को वरदान प्राप्त है। नदी का कंकर-कंकर शंकर कहलाएगा। होलकर शासन में मां अहिल्याबाई होलकर के समय से ही नर्मदेश्वर शिवलिंग की पूजा होती रही है। उस समय नर्मदा नदी से सीधे पत्थर निकालकर उसकी शिवलिंग के रूप में स्थापना पूजा की जाती थी। शिल्पकार दीपक बताते हैं कि बकावां में नर्मदेश्वर शिवलिंग बनते हैं। यहां से देश-विदेश में 12 ज्योतिर्लिंग सहित सभी तीर्थ स्थलों के मंदिरों में भेजे जाते हैं।

# पिकअप में भरकर ले जा रहे 5 गौवंश मुक्त कराए

**पिपलियामंडी, 10 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** गौरक्षा दल कार्यकर्ताओं ने मंगलवार सुबह पुलिस की मदद से पिकअप में भरकर ले जाए जा रहे 5 गौवंश को मुक्त कराया। गौरक्षा दल के प्रदेश उपाध्यक्ष हेमेन्द्रसिंह राठौर, हर्षराजसिंह, सचिन नागदा, कृष्णपालसिंह, उमेश सैनी, अयाज खान, कुन्दन आदि ने फोरलेन पर पिकअप (एमएच 47 वाय 2403) को रोका, तलाशी के दौरान पांच गौवंश क्रूरतापूर्वक भरे होना पाए गए। पुलिस ने पिकअप में सवार सिल्लोड (औरगांबाद, महाराष्ट्र) निवासी मनोज पिता लक्ष्मण पंवार, अडगांव (जलना, महाराष्ट्र) निवासी सुभाष पिता भगवान डंगार को गिरफ्तार कर पशुकूररता अधिनियम में केस दर्ज किया। गौवंश को गौशाला भिजवाया।

# बारिश ने पार किया औसत का आंकड़ा

## दोपहर में धूप खिली, शाम को बूंदाबांदी, पिछले साल औसत से काफी कम हुई थी बरसात

**मंदसौर, 10 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** मंगलवार को दिनभर मौसम खुला रहा। धूप भी खिली रही और उमस का असर भी महसूस किया गया। हालांकि शाम को बूंदाबांदी चलती रही। जिले में बारिश का औसत लगभग पूरा हो चुका है। अब तक 32.31 इंच औसत वर्षा रिकार्ड की गई है। बुधवार को भी बारिश का अनुमान है।

मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक वर्तमान में बारिश का स्ट्रॉन्ग सिस्टम एक्टिव होने से बरसात का दौरा बना हुआ है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। इस दौरान 4 इंच तक बारिश हो सकती है। मौसम विज्ञान केंद्र भोपाल के सीनियर मौसम वैज्ञानिक डॉ. वेदप्रकाश सिंह ने बताया कि ओडिशा के पास डिप्रेशन पश्चिम-उत्तर बंगाल की खाड़ी में एक्टिव है। अगले 24 घंटे में यह स्ट्रॉन्ग होगा। मानसून ट्रफ मध्यप्रदेश के बीच से गुजर रही है। इसके चलते प्रदेश में कहीं अति भारी तो कहीं भारी बारिश हो सकती है। जिले में मंगलवार सुबह तक ओवरऑल 32.31 इंच (821 मिमी) औसत बारिश दर्ज की गई है। इधर चम्बल नदी पर बने गांधी सागर बांध का जलस्तर 1308 फीट पहुंच गया है। यदि गांधीसागर के केचमेंट एरिये में अच्छी बारिश होती है तो इस बार आमजन को गांधींसागर बांध के गेट खुलने का नजारा दिख सकता है।



# मंदिर परिसर में मिला लापता युवक का शव

**नीमच, 10 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** जिले के जीरन थाना क्षेत्र के गांव राबडा में लापता युवक की लाश मंगलवार सुबह मिली। इस घटना से गांव में सनसनी फैल गई। जानकारी मिलने पर जीरन थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। युवक की पहचान गांव के रेवतीप्रसाद पाटीदार के रूप में की गई।

दरअसल, 36 वर्षीय रेवती प्रसाद सोमवार सुबह घर से अपनी दुकान के लिए निकला था। उसकी गांव में ही किराना की दुकान है। जब वह रात में घर नही लौटा तो परिजनों को चिंता हुई। दुकान के साथ-साथ गांव में भी पूछताछ की, मगर युवक का पता नहीं चला। काफी ढूंढने पर भी युवक कही नही मिला। मंगलवार सुबह गांव के मंदिर परिसर में युवक मृत अवस्था में पड़ा पाया गया, ग्रामीणों ने युवक के परिजनों को सूचना दी। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और शव को बड़े अस्पताल लाया गया। जहां परिजनों की मौजूदगी में शव का पोस्टमार्टम किया गया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

### तूल पकडने लगा पुलिस द्वारा की गई क्रूरतापूर्ण मारपीट का मामला...

# हिन्दू समाज के प्रतिनिधि मण्डल ने कलेक्टर से की दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग

**रतलाम, 10 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** गणेश चतुर्थी की रात गणेश प्रतिमा के जुलूस पर हुए पथराव, पुलिस थाने पर हिन्दू युवकों के प्रदर्शन और इसके बाद पुलिस द्वारा प्रदर्शन कर रहे युवकों के साथ की गई क्रूरतापूर्ण मारपीट का मामला अब तूल पकडता नजर आ रहा है। सकल हिन्दू समाज के एक प्रतिनिधि मण्डल ने आज कलेक्टर से मुलाकात कर पुलिस मारपीट से मृत हुए युवक की हत्या का प्रकरण दर्ज करने, मारपीट करने वाले दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्यवाही करने और जुलूस पर पथराव करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने जैसी मांगे रखी।

उल्लेखनीय है कि गणेश चतुर्थी के दिन रविवार रात को मोचीपुरा से गुजर रहे गणेश प्रतिमा के एक जुलूस पर पथराव किया गया था। पथराव से आक्रोशित लोगों ने रात करीब नौ बजे स्टेशन रोड पुलिस थाने पर पंहुचकर पथराव करने वालों के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग को लेकर जबरदस्त नारेबाजी और चक्काजाम किया था। इसी रात को करीब साढे ग्यारह बजे पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर जमकर लाठीचार्ज किया और प्रदर्शनकारियों का नेतृत्व करने वाले तीन लोगों को उनके घरों से निकाल कर उनके साथ बेहद बर्बरतापूर्ण तरीके से मारपीट की। पुलिस की इस मारपीट में महेन्द्र सोलंकी, लखन रजवानिया और काजल किन्नर बुरी तरह घायल हो गए। यह भी कहा जा रहा है कि पुलिस मरपीट से इन लोगों को फ्रेक्चर तक हो गए। पुलिस ने इस मामले में तेरह नामजद आरोपियों समेत करीब सौ अन्य लोगों के खिलाफ उपद्रव करने का आपराधिक प्रकरण भी दर्ज किया है। प्रदर्शनकारियों के साथ की गई बर्बरतापूर्ण मारपीट को लेकर हिन्दू समाज... शेष पेज 4 पर

### मामला बाईक सवार दंपति के बच्चों सहित नदी में बहने का...

# बचाने के लिए कूदे युवक का शव मिला, पति की तलाश जारी



**मंदसौर/नाहरगढ़, 10 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** सोमवार को बिल्लोद पुलिया पर बाइक सवार दंपति अपने अपने बच्चो सहित नदी में बह गए थे। जिसमें बाइक सवार डूंगर सिंह निवासी मोरखेड़ा, उसकी पत्नी संगीता, बेटी यतिका और एक 4 महीने बच्चा नदी में बह गए थे। उन्हें बचाने के लिए दो युवक नदी में कूदे। जिन्होंने बेटी यतिका को बाहर निकाल लिया गया। वहीं बचाने के लिए कूदा एक युवक भी बाहर आ गया। लेकिन, पत्नी और बच्चे की मौत हो गई। इधर पति और बचाने के लिए कूदे युवक रुस्तम पिता गुलाम मंसूरी की तलाश सोमवार शाम तक अधूरी रही। मंगलवार सुबह एसडीआरएफ की टीम ने फिर से प्रयास शुरु किए। इसके बाद रुस्तम का शव मिल चुका है। इधर डूंगरसिंह की तलाश की जा रही है।

### कलेक्टर ने दिए निर्देश, नदी में सघन सर्चिंग अभियान चलाएं...



कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग ने नाहरगढ़- बिल्लोद शिवना पुल पर नदी के बहाव के साथ बहने वाले लोगों की दुखद घटना के संबंध में मौके का निरीक्षण किया। इस दौरान एसडीआरएफ अधिकारियों को निर्देश दिए की नदी में बहने वाले युवक को ढूंढने के लिए लगातार सर्चिंग अभियान चलाएं। पुलिस विभाग को निर्देश देते हुए कहा कि पुलिस जवानों की पुल पर लगातार ड्यूटी लगवाएं। सीईओ जनपद पुल के दोनों तरफ जाली लगवाएं। जिससे इस तरह की कोई घटना घटित न हो।

इस दौरान कलेक्टर ने नदी में बहने वाले मृतक के परिजनों से संवाद किया। उन्होंने कहा कि प्रशासन आपके साथ है हर संभव सहायता की जाएगी। इसके बाद कलेक्टर नाहरगढ़ निवासी मृत बबलू मंसूरी के घर पहुंची। बबलू मंसूरी जिन्होंने नदी में गिरे हुए लोगों को बचाने के लिए अपनी जान की बाजी लगा दी। कलेक्टर ने बबलू के परिजनों से संवाद किया तथा परिवार जनों को सांत्वना प्रदान की। तहसीलदार को निर्देश देते हुए कहा कि तुरंत आरबीसी 6(4) के तहत प्रकरण बनाकर मृतक के परिवार जनों को तुरंत राहत प्रदान करें।

# भानपुरा में पूजते है खंडित गणेश

## मंदिर का नाम भी फूटा गणेश, दस दिवसीय गणेशोत्सव के दौरान दूर-दूर से आते हैं श्रृद्धालु

**भानपुरा, 10 सितंबर गुरु एक्सप्रेस। हिन्दू मान्यता में खंडित प्रतिमाओं को पूजा जाना निषेध है। यहां तक कि उन्हें घर में रखना भी अच्छा नहीं माना जाता। लेकिन भानपुरा मुख्यालय से करीब डेढ किलोमीटर दूर एक ऐसा मंदिर है, जहां कई वर्षो से गणेशजी की खंडित प्रतिमा की पूजा हो रही है।**

भानपुरा से करीब डेढ किलोमीटर दूर बड़ा महादेव मंदिर मार्ग पर फूटा गणेशजी का मंदिर है। वहां बैठी अवस्था में गणेशजी की काफी आकर्षक प्रतिमा है। प्रतिमा में गणपतिजी का एक हाथ खंडित है। इसके अलावा अन्य कुछ स्थानों पर भी प्रतिमा खंडित अवस्था में है, लेकिन इसके बावजूद यहां गणपतिजी की बडी श्रद्धा के साथ पूजा की जाती है। गणेशोत्सव में तो लोग दूर-दूर से प्रतिमा के दर्शन करने आते है।



मंदिर की देखरेख करने वाले पंडित धनराज तिवारी के मुताबिक प्रतिमा 400 वर्ष प्राचीन है। काफी पुराने समय में मंदिर की स्थापना हुई थी। देखरेख के अभाव में यह खंडहर में तब्दील हो गया, प्रतिमा भी खंडित हो गई। लेकिन, इसके बावजूद गणपतिजी के प्रति भक्तों की आस्था इतनी प्रगाढ़ थी कि उक्त मूर्ति को हटाया नहीं गया। ऐसा माना जाता है कि जिनका विवाह नहीं होता है वे लोग वहां आते है और प्रतिक स्वरूप गणपतिजी की प्रतिमा ले जाते है। उनकी पूजा पर भक्तों की मनोकामना पूरी होती है।

### बलूचिस्तान में भी ऐसी ही प्रतिमा...

इतिहासकारों के मुताबिक गणेशजी की ऐसी ही प्रतिमा बलूचिस्तान में भी है। हाल ही में वहां से लौटे एक जर्मन भक्त ने इस प्रतिमा की सीडी भी दी थी। सीडी में खंडित प्रतिमा साफ नजर आ रही है। वहां भी प्रतिमा के खंडन के बावजूद उसकी पूजा पूरी श्रद्धा के साथ होती है। भानपुरा में भी यह मंदिर हिंगलाज माता मंदिर के रास्ते पर ही स्थित है। भानपुरा के अलावा केवल बलूचिस्तान का उक्त मंदिर ही ऐसी जगह है जहां खंडित गणपतिजी की प्रतिमा पूजी जाती है।

## स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत जिला स्तरीय समिति का गठन

**मंदसौर, 10 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** मप्र. शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग भोपाल के निर्देशानुसार कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत जिला स्तरीय समिति का गठन किया है। जिसमें स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता थीम पर 17 सितंबर से 2 अक्टूबर के बीच स्वच्छता की भागीदारी सम्पूर्ण स्वच्छता एवं सफाई मित्र स्वच्छता शिविर विषयों पर गतिविधिया आयोजित की जाएगी। समिति में कलेक्टर अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सदस्य सचिव होगें। कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा मंदसौर, कार्यपालन यंत्री लोकस्वास्थ यांत्रिकी खंड मंदसौर, सहायक संचालन महिला एवं बाल विकास, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला परियोजना अधिकारी सर्व शिक्षा अभियान, प्राचार्य शासकीय अग्रणी महाविद्यालय मंदसौर, परियोजना अधिकारी शहरी विकास प्राधिकरण, जिला समन्वयक जन अभियान परिषद, परियोजना अधिकारी ग्रामीण आजिविका मिशन जिला पंचायत, प्राचार्य शासकीय आईटीआई कॉलेज मंदसौर, जिला समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण जिला पंचायत एवं जिला समन्वयक नेहरू युवा केंद्र सदस्य है।

# पूर्व अभिभावक द्वारा राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त शिक्षिका श्रीमती कीर्ति सक्सेना का सम्मान

**मंदसौर, 10 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** 10 सितम्बर को शासकीय बालक उच्तर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 2 में एक विशेष सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित शिक्षिका श्रीमती कीर्ति सक्सेना को शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार और उत्कृष्टयोगदान हेतु पूर्व अभिभावक श्रीमान सुभाष बुग्दे द्वारा सम्मानित किया गया।

कीर्ति सक्सेना ने वर्षों सें अपने समर्पण और निष्ठा से विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ नवाचारों के तहत उनका सर्वांगीण विकास भी किया है



उनके मार्गदर्शन में कई विद्यार्थी उच्च स्तर पर सफलता प्राप्त कर आज उच्च पदों पर आसीन हैं। कार्यक्रम की शुरुआत में विद्यालय के प्राचार्य श्रीमान धर्मपाल सिंह देवड़ा ने कीर्ति सक्सेना की कार्यशैली और कर्मठता की सराहना की और विद्यालय परिवार के लिए गौरवान्वित क्षण बताया। इसके पश्चात पूर्व अभिभावक श्रीमान बुग्दे जिनके बच्चे भी इसी विद्यालय से शिक्षा प्राप्त कर चुके हैं और उच्च पदों पर आसीन हैं ने पुष्प गुच्छ ,स्मृति चिन्ह शाल श्रीफल देकर सम्मानित किया और कहा कि मेरे लिए गर्व की बात है कि जिस विद्यालय से मेरे बच्चों ने शिक्षा प्राप्त की और उनका व्यक्तित्व का विकास हुआ उस विद्यालय की शिक्षिका को राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त हो रहा है कीर्ति सक्सेना के साथ साथ स्टॉफ सदस्यों के लिए भी ये सम्मान का समय एक भावुक क्षण था सभी की आंखों से अश्रु छलक रहे थे उन्होंने अपने पिता श्री हरिहर कानूनगो को याद किया और कहा आज पिता तुल्य श्रीमान बुग्दे द्वारा नि:स्वार्थ भाव से इस सम्मान को पाकर मुझे प्रेरणा मिली है कि शिक्षक सम्मान के लिए कोई दिवस निर्धारित नहीं होता उनके द्वारा किए गए कार्य ही उनकी पहचान होती है उन्होंने कहा कि यह पुरस्कार मेरे लिए प्रेरणा है और मैं इससे भी उत्तम करने का प्रयास करूंगी। श्री बुग्दे द्वारा समस्त स्टॉफ के लिए स्वल्पाहार और विद्यार्थियों के लिए टॉफी का वितरण किया गया। अंत में आभार प्रकट करते हुए श्रीमती अर्चना दवे ने कहा कि यह हम सबके लिए प्रेरणादायी आयोजन रहा है साथ ही सभी स्टॉफ सदस्यों ने भावुक होकर आदरणीय बुग्दे सर का हृदय तल से धन्यवाद दिया कार्यक्रम का संचालन श्रीमती मोनिका भटनागर ने किया।

## आईटीआई में प्रवेश हेतु पहले आओ पहले पाओ

**नीमच, 10 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था जावद में प्रवेश 2024 के लिए पहले आओ पहले पाओ राउंड शुरू हो गया है। प्रवेश सत्र 2024 के लिए आईटीआई जावद में रिक्त सीटें फिटर-तीन, वेल्डर-31, कोपा-19, मेकेनिक मोटर व्हीकल-छह एवं इन्स्ट्रूमेंट मेकेनिक-नौ है। इस राउंड हेतु नवीन रजिस्ट्रेशन, च्वाइंस फिलिंग, त्रुटि सुधार 30 सितम्बर 2024 तक किया जा सकता है। अधिक जानकारी हेतु शासकीय आईटीआई जावद से सम्पर्क किया जा सकता है।



## दो सौ सीडबाल के माध्यम से किया पौधारोपण

**मंदसौर, 10 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** श्री सांवरिया गौशाला ग्राम कुंचड़ौद में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पैरा लीगल वॉलिंटियर श्री संजय नीमा के मार्गदर्शन और पतंजलि योग संगठन जिला प्रभारी योग गुरु बंसीलाल टांक के सानिध्य में 200 सीड बॉल पौधारोपण किया गया। पौधारोपण के समय सरपंच कारूलाल भील, उप सरपंच बिहारी लाल गोयल, गौशाला संरक्षक लक्ष्मी नारायण परमार और ठाकुर चंद्रपाल सिंह पंवार, गौशाला कार्यकारी अध्यक्ष दशरथ कुंडेल, उपाध्यक्ष प्रेम सुख पाटीदार, कोषाध्यक्ष लक्ष्मी नारायण कुंडेल, संयुक्त सचिव कारुराम करा, सदस्य राधेश्याम मंडोवरा, गोवर्धनलाल रोडवार, लक्ष्मी नारायण प्रजापत, राधाकृष्ण पाटीदार, घनश्याम पालरा, कन्हैयालाल ओझा, अशोक पालरा, राजू बागडीया आदि ने पौधारोपण में सहयोग प्रदान किया।

इस अवसर पर संजय नीमा ने गौशाला की सुंदर सुचारू व्यवस्था देखकर सराहना करते हुए कहा कि इस गौशाला में पौधारोपण के साथ ही जैविक खाद बनाने जैसे अनेक कार्य किए जाने के लिए काफी गुंजाइश है। उल्लेखनीय है कि सांवरिया गौशाला कुंचडोद में विगत दिनों पिपलिया मंडी टोल नाके पर 46 ट्रकों से जो 596 बेल पकडे गए थे उनमें से जिले की विभिन्न गौशालाओं में रखे गए बैलों में से 50 बेल सांवरिया गौशाला में रखे गए हैं जिनकी गौशाला की 500 से भी अधिक गोवंश के साथ ही अच्छी प्रकार परवरीश और देखभाल की जा रही है।

# सभी राजस्व अधिकारी रास्ता विवादों को प्राथमिकता से हल करवाएं -कलेक्टर

**नीमच, 10 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** जनसुनवाई में प्राप्त रास्ता विवादों के आवेदनों का सभी राजस्व अधिकारी तत्परतापूर्वक निराकरण सुनिश्चित करें। मौका निरीक्षण कर रास्ता खुलवाएं। यदि कोई पक्षकार समझाईश के बावजूद रास्ता अवरूद्ध करता हो, तो संबंधित के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही करें। यह निर्देश कलेक्टर हिमांशु चंद्रा ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में जनसुनवाई करते हुए एस.डी. एम. नीमच को दिये। जनसुनवाई में कलेक्टर 96 आवेदकों की समस्याओं से रूबरू हुए एवं उनकी समस्याओं का निराकरण करने के निर्देश दिए। इस मौके पर एडीएम श्रीमती लक्ष्मी गामड़, डिप्टीर कलेक्टिर श्रीमती रश्मी श्रीवास्ती, चंद्रसिंह धार्वे एवं एस.डी.एम.,डॉ.ममता खेडे, सहित जिला अधिकारी उपस्थित थे।

जनसुनवाई में कलेक्टर ने इंदिरा नगर नीमच के राजेन्द्र वर्मा के आवेदन पर मकान से लगे हुए विद्युत पोल एवं हाईटेंशन विद्युत लाईन को अन्यत्र शिफ्ट करवाने के निर्देश अधीक्षण यंत्री म.प्र.प.क्षेत्रविद्युत वितरण कम्पनी नीमच का दिए। रतनगढ़ की जनसेवक श्रीमती रामकन्याबाई ने वेतन से न.प.व्दारा बैंक लोन की किश्त काटने के बावजूद बैंक में जमा नहीं कराने संबंधी आवेदन पर कलेक्टर ने एसडीएम जावद एवं



सीएमओ को सभी जनसवकों के ऋण की काटी गई राशि संबंधित के खाते में जमा करवाने के निर्देश दिए। नया बाजार नीमच की सीमा गर्ग ने अपने भूखण्ड के सामने अवैध रूप से अतिक्रमण कर निर्माण करने की शिकायत पर कलेक्टर ने सीएमओ को निर्देश दिए,कि वे तत्काल मौके पर जाकर अवैध अतिक्रमण हटवाएं। जनसुनवाई में पालसोडा के राजेंद्र पाटीदार, जीरन के देवीलाल, रामपुरा के रामचंद्र, जूना बाजार नीमच सीटी के इरफान खान, खोर के बाबरू गायरी, बरखेड़ा के मांगीलाल मेघवाल, सिंगोली के अशोक शर्मा, ग्वाटोली की फरीदा, कोज्या के भैरूलाल रेगर, कानका की भगवती बाई तैली, राम अवतार कॉलोनी की स्नेहलता लोधा, कुचड़ोद के मंगल राव आदि ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए।




## जनसुनवाई के दौरान सभी अधिकारी जनता की समस्याओं को सुने-कलेक्टर

**मंदसौर, 10 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** साप्ताहिक जनसुनवाई प्रति मंगलवार की तरह कलेक्टर कार्यालय सभागार में आयोजित की गई। जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग ने आम जनता की समस्याओं को सुना तथा निराकरण किया। इस दौरान कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि, सभी अधिकारी जनसुनवाई में समय पर उपस्थित हो तथा जनता की समस्याओं को सुने। पोषण माह के अंतर्गत सभी अधिकारियों की ड्यूटी लगाई तथा कार्यक्रम अनुसार कार्य करें। सोयाबीन की फसल में उत्पन्न हो रहे विभिन्न तरह के रोगों के लिए कृषि विभाग कृषि वैज्ञानिक दल को फील्ड में भेज कर जांच करवाए। जनसुनवाई के दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री कुमार सत्यम, जिलाधिकारी मौजूद थे।

## नेशनल लोक अदालत लगेगी 14 को, पेनल्टी में मिलेगी छूट

**मंदसौर, 10 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर, नपा उपाध्यक्ष श्रीमती नम्रता प्रीतेश चावला, राजस्व समिति सभापति श्रीमती कौशल्या बंधवार, मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्री सुधीर कुमार सिंह द्वारा एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन दिनांक 14.09.2024 शनिवार को किया जा रहा है, जिसमें सम्पत्तिकर, समेकित कर, जलकर आदि की अधिभार राशि में नियमानुसार छूट प्रदान की जावेगी। सम्पत्तिकर, समेकित, आदि की राशि ऑनलाइन जमा करने की व्यवस्था प्रारंभ कर दी गई है, जो करदाता बकाया टैक्स की अधिभार राशि (पेनल्टी) में छूट प्राप्त करना चाहते है वह नगरपालिका में दिनांक 14.09.2024 के पूर्व ही उपस्थित होकर अपनी आई.डी. बनवा लेवे ताकि लोक अदालत के दिन उन्हें टैक्स जमा कराने में असुविधा न हो। जिन करदाताओं द्वारा पूर्व में राष्ट्रीय लोक अदालत में छूट का लाभ ले लिया है वह छूट का लाभ नहीं ले सकेंगे। अत: समस्त कर दाताओं से अपील की जाती है कि समय पूर्व अपनी संपत्ति की आई.डी. बनवा लेवे, एवं राष्ट्रीय लोक अदालत दिनांक 14.09.2024 को सम्पत्तिकर, समेकितकर, जलकर इत्यादि अधिभार की राशि में नियमानुसार छूट का लाभ लेवें।

## प्रभु की भक्ति करों लेकिन उनसे कुछ मांगों मत वो आपके ऋणि हो जायेंगे -स्वामी सरस्वती

**मंदसौर, 10 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** श्री केशव सत्संग भवन खानपुरा मंदसौर पर दिव्य चातुर्मास पूज्यपाद 1008 स्वामी आनन्द स्वरूपानंदजी सरस्वती ऋषिकेश के सानिध्य में चल रहा है। स्वामी जी द्वारा प्रतिदिन प्रात: 8.30 से 10 बजे तक श्रीमद् भागवद् महापुराण के एकादश स्कन्द का का वाचन किया जा रहा है।



मंगलवार को धर्मसभा में स्वामी श्री आनन्द स्वरूपानंदजी सरस्वती ने कहा कि व्यक्ति भगवान की भक्ति करता है उनकी पूजा करता है लेकिन भक्त सिर्फ भक्ति करें और उनसे कुछ मांगे नहीं तो भगवान स्वयं आपके ऋणि हो जायेंगे। आप मंदिर जाओं लेकिन भगवान से कुछ मत मांगों अपने आप ही आप पर भगवान की कृपा बरसनें लगेंगी। ऐसे लोगों पर भगवान की विशेष कृपा होती है। आपने कहा कि जो व्यक्ति अनन्य भाव से एक बार भी भगवान का नाम ले लेता है तो उसके सभी पाप नष्ट हो जाते है। लेकिन अनन्य भाव होना चाहिए इससे अर्थात यह है कि बिना वासना बिना कामना के प्रभु भक्ति करना भगवान के सिवाय और कोई दूसरा नजर नहीं आना चाहिए। निष्ठा भाव से प्रभु की भक्ति करना चाहिए। लेकिन आज कल तो में हम जैसे ही मंदिर जाते है अपनी मांगों की लिस्ट भगवान के सामने खोल देते है, ऐसा नहीं होना चाहिए। सच्चे मन से भक्ति करों भगवत कृपा अपने आप प्राप्त हो जायेंगी।

**पूजा करते समय अन्य कोई कार्य नही करना चाहिए**-धर्मसभा में स्वामी जी ने बताया कि पूजा करते समय हमें विशेष ध्यान रखना चाहिए कि पूजा के समय सिर्फ भगवान की पूजा ही करें अन्य कोई कार्य नहीं करना चाहिए यह शास्त्रों में लिखा है। लेकिन आजकल उल्टा हो रहा है लोग भगवान को देने वाले समय में भी दूसरा कार्य करते रहते है मोबाईल चलाते रहते है। ऐसा नहीं होना चाहिए। आपकी पूजा में आदर भाव होना चाहिए। भगवान कहते हैं कि मेरे जो भक्त है उनका भी सम्मान करना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में भगवान की आरती उतारी गई एवं प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर बडी संख्या में महिलाएं पुरूष उपस्थित थे।

## विजय कोठारी बने पेंचक सिलाट मार्शल आर्ट के अध्यक्ष बने

**मंदसौर, 10 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** जिला पेंचक सिलाट एसोसिएशन मंदसौर के मीडिया प्रभारी सुरेश भाटी ने बताया कि गवर्नमेंट मिनिस्ट्री और खेल और युवा कल्याण विभाग से मान्यता प्राप्त खेल पेचक सिलाट मार्शल आर्ट के अध्यक्ष पद पर खेल प्रेमी समाजसेवी श्री विजय जी कोठारी जी को सभी पदाधिकारी की सर्वानुमति से अध्यक्ष चुना गया है।



श्री विजय कोठारी को अध्यक्ष बनने पर एडिशनल एसपी गौतम जी सोलंकी, जिला खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण विभाग विजेंद्र जी देवडा , जिला शिक्षा अधिकारी लोकेंद्र कुमार जी डाबी, सिटी कोतवाली के थाना प्रभारी पुष्पेंद्र सिंह जी राठौड़, लायंस क्लब जॉन के चेयरमेन विकास जी भंडारी, पीजी कॉलेज के खेल अधिकारी राजू कुमार, गरोठ प्रेस क्लब के अध्यक्ष जगदीश जी अग्रवाल, मध्य प्रदेश पेंचिक सिलाट एसोसिएशन के अध्यक्ष अबरार अहमद शेख सचिव अभय श्रीवास, जिला पेंचक सिलाट एसोसिएशन मंदसौर के सचिव संस्था संयोजक गगन जी कुरील, मीडिया प्रभारी सुरेश जी भाटी टेक्निकल डायरेक्टर, सैयद आफताब आलम, असलम खान , दिनेश जी चंदवानी, सुनील जी हीवे ग्वाला, अशोक जी गेहलोत माली , शाहिद जी हुसैन, यशवंत सिंह राठौर, दुर्गेश जी बेलानी, एडवोकेट दीनदयाल भावसार, हितेश जी सालवी, धर्मेंद्र सिंह रानेरा, निशांत जोशी, शाहिद जी मंसूरी, राजू जी आर्य, कमलेश जी डोसी ,श्रीमती धर्मेंद्र कुमारी बघेरवाल आदी ने बधाई दी है।

## लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाकर मृत्यु कारित करने वाले आरोपी को 1 वर्ष का कारावास

**नीमच, 10 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** श्रीमती पुष्पा तिलगांम, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, नीमच ने तेजगति व लापरवाहीपूर्वक मोटरसाईकल चलाते हुवे एक व्यक्ति की मृत्यु कारित करने वाले आरोपी अयुब शाह पिता शब्बीर शाह, उम्र-45 वर्ष, निवासी-रामपुरा को धारा 304ए भारतीय दण्ड संहिता, 1860 के अंतर्गत 01 वर्ष के सश्रम कारावास व 1000रू. अर्थदण्ड, धारा 279 भारतीय दण्ड संहिता, 1860 के अंतर्गत 06 माह के सश्रम कारावास व 1000रू. अर्थदण्ड, धारा 337 भारतीय दण्ड संहिता, 1860 के अंतर्गत 06 माह के सश्रम कारावास व 1000रू. अर्थदण्ड एवं मोटरयान अधिनियम के उल्लंघन के लिए कुल 3000रूपये अर्थदण्ड इस प्रकार कुल मिलाकर 6000रूपये अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी करने वाले सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी श्री पारस मित्तल द्वारा घटना की जानकारी देते हुए बताया कि घटना लगभग 10 वर्ष पूर्व की होकर दिनांक 18.10.2014 की हैं। घटना दिनांक को आहत रविना ने थाना नीमच सिटी पर रिपोर्ट लेख कराई की वह अपने भाई अजय की मोटरसाईकल पर पीछे बैठकर नीमच आ रही थी कि रेवली-देवली के पास सामने से मोटरसाईकल क्रमांक एमपी 44 एमडी 2617 के चालक अयुब शाह पिता शब्बीर शाह अपनी मोटरसाईकल को तेजगति व लापरवाहीपूर्वक चलाकर लाया और उसकी मोटरसाईकल को सामने से टक्कर मार दी, जिससे उसके दोनो पैर व सिर में चोट लगी व उसके भाई अजय के सिर, पैर व शरीर पर चोट लगी तथा मोटर साईकल चालक अयुब व उसके साथ बैठे अलाउद्दीन और रफीक को चोट लगी तभी चार पहिया वाहन चालक सत्यनारायण शर्मा आया और उन्हे ईलाज हेतु नीमच शासकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया। उक्त रिपोर्ट पर थाना नीमच सिटी पर आरोपी के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध किया गया। ईलाज के दौरान आहत अजय की दुर्घटना में आई चोटो के कारण मृत्यु हो गई। पुलिस ने अनुसंधान उपरांत भादवि की धारा 279, 337, 304ए व वाहन चालक के पास बीमा एवं ड्रईविंग लाईसेंस संबंधी दस्तावेज नहीं होने के कारण मोटरयान अधिनियम की धाराओं के साथ अभियोग पत्र प्रस्तुत किया। अभियोजन की ओर से न्यायालय में घटना के चश्मदीद साक्षीगण सहित सभी आवश्यक साक्ष्य कराते हुवे अपराध को संदेह से परे प्रमाणित कराया गया तथा आरोपी को कठोर दण्ड से दण्डित किये जाने का निवेदन किया गया, जिस पर से माननीय न्यायालय द्वारा आरोपी को धारा 304ए भारतीय दण्ड संहिता, 1860 के अंतर्गत 01 वर्ष के सश्रम कारावास व 1000रू. अर्थदण्ड, धारा 279 भारतीय दण्ड संहिता, 1860 के अंतर्गत 06 माह के सश्रम कारावास व 1000रू. अर्थदण्ड, धारा 337 भारतीय दण्ड संहिता, 1860 के अंतर्गत 06 माह के सश्रम कारावास व 1000रू. अर्थदण्ड एवं मोटरयान अधिनियम के उल्लंघन के लिए कुल 3000रूपये अर्थदण्ड इस प्रकार कुल मिलाकर 6000रूपये अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी श्री पारस मित्तल, एडीपीओ द्वारा की गई।

## जय बजरंग सेना द्वारा भव्य महाप्रसादी का आयोजन होगा

**मंदसौर, 10 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी जय बजरंग सेना परिवार द्वारा अनंत चतुर्दशी के पावन पर्व पर स्थानीय लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल (बीपीएल )चौराहे पर महा आयोजन किया जाएगा जिसके तहत परंपरा अनुसार महाप्रसादी का वितरण के तहत 11 क्विंटल शुद्ध मूंगफली के तेल से निर्मित मिष्ठान और साबूदाने की नवरत्न खिचडी का वितरण तो होगा साथ ही मीठे में 5 क्विंटल केसरिया दूध का वितरण भी किया जाएगा। यही नहीं अतिथि देवो भव की परंपरा का निर्वहन करते हुए सभी अखाड़ों के उस्तादों और वरिष्ठजनों का साफा पहनाकर और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया जाएगा।साथ ही नयनाभिराम झांकियां का भी स्वागत सम्मान पुष्प वर्षा कर किया जाएगा।

यह जानकारी जय बजरंग सेना समिति के प्रदेश अध्यक्ष सूरज आदेश बैरागी एवं जिला अध्यक्ष विशाल शिल्पी ने जानकारी देते हुए बताया आयोजन को लेकर तैयारियां जोरो शोरो से शुरू कर दी गई है।स्थानीय लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल (बीपीएल) चौराहे पर भव्य स्वागत मंच बनाकर आयोजन किया जाएगा जहां पर आकर्षक विद्युत साज सजा के साथ ही डीजे लगाया जाएगा। उन्होंने बताया की स्थल निरीक्षण भी किया गया।

## पंचवटी कालोनी में नपा के व्दारा पौधारोपण किया

**मंदसौर, 10 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर के नेतृत्व में कल वार्ड नं. 4 पंचवटी कॉलोनी के राम जानकी उद्यान में पौधारोपण किया गया। नपा परिषद मंदसौर के द्वारा एक पेड मॉ के नाम अभियान अंतर्गत आयोजित इस पौधारोपण कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्षेत्र के नागरिकगण भी उपस्थित थे। नपा उपाध्यक्ष श्रीमती नम्रता प्रीतेश चावला, जिला रेडक्रास सोसायटी चेयरमेन प्रीतेश चावला, कॉलेज जनभागीदारी समिति अध्यक्ष नरेश चंदवानी, नपा सामान्य प्रशासन समिति सभापति एवं क्षेत्रीय पार्षद सत्यनारायण भांभी, उद्यान शाखा एवं गरिबी उपशमन समिति सभापति रमेश ग्वाला, लोक निर्माण समिति सभापति निर्मला नरेश चंदवानी, पार्षद कमलेश सिसौदिया, राकेश भावसार, नरेन्द्र बंधवार, अमन फरक्या, नंदलाल गुजरिया, समाजसेवी डॉ. रविन्द्र पाण्डेय, विक्रमसिंह गुर्जर, पार्षद रेखा राजेश सोनी ऐरावाला, क्षेत्र के गणमान्य नागरिकगण सर्वश्री राजेश सोनी, घनश्याम मांदलिया, गोपाल शिन्दे, रमेशचन्द्र सेन, दिलीप देवड़ा, संजय सेठिया, अशोक गुर्जर, संतोष गुर्जर, प्रकाशचन्द्र बैरागी, चन्द्रशेखर द्विवेदी, रेखा पाण्डेय, विनिता संघवी, माधवी बैरागी, संगीता विरला, कांता गुर्जर, श्यामा गुर्जर, ममता गुर्जर, पायल गुर्जर भी उपस्थित थे।



## डेंगू व मलेरिया की रोकथाम के लिये दवाईयों का छिड़काव किया

**मंदसौर, 10 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** नगरपालिका परिषद मंदसौर के द्वारा डेंगू व मलेरिया रोग की रोकथाम के लिये लगातार वार्डो में दवाईयों का छिडकाव किया जा रहा है। इसी तारतम्य में कल नपा परिषद के द्वारा वार्ड नं. 9, नईआबादी क्षेत्र में दवाईयों का छिड़काव किया गया। क्षेत्रीय पार्षद एवं जलकार्य समिति सभापति श्री निलेष जैन की मांग पर नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर के निर्देश पर यहां छिडकाव किया गया। इस अवसर पर नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर, स्वास्थ्य समिति सभापति श्रीमती दीपमाला मकवाना, क्षेत्रीय पार्षद श्री निलेष जैन, भाजपा नेता राजेश गुर्जर, गैरेज सहायक जाकिर भाई भी उपस्थित थे। नपा का दवाई छिडकाव का यह कार्य अन्य वार्डो में भीं किया जायेगा।

# राष्ट्रीय जागृति का पर्याय रहा है गणेशोत्सव...

**मंदसौर, 10 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** भारतीय संस्कृति में दस दिनो का यह उत्सव गणेश चतुर्थी के नाम से जाना जाता हे। आजादी के लिए संघर्ष करते हुए बाल गंगाधर तिलक ने उस समय महाराष्ट्र में गणेश जी के उत्सव को निमित्त मानकर इस विचार से प्रारंभ किया की धर्म व आस्था के साथ लोग एकत्रित और संगठित होंगे। धीरे - धीरे महाराष्ट्र से बाहर निकलकर पूरे देश में गणेशोत्सव मनाने की परंपरा प्रारंभ हो गई। गणेश स्थापना और विसर्जन के मध्य के ये दस दिन स्वतंत्रता सेनानियो के मिलन, चिंतन, बैठक स्वतंत्रता प्राप्त करने हेतू योजना गड़ने व उन्हे क्रियान्वन करने के दिन बन गए। स्वतंत्रता सेनानियो ने प्रथम पूज्य गणेश जी को राष्ट्रीय एकता का प्रतीक बना दिया। श्री गणेश स्वाधीनता के देवता बन गए। यह अवसर धार्मिक पूजा पाठ के साथ - साथ अंग्रेजो के विरोध, सामाजिक समरसता के निर्माण, अस्पृश्यता और अन्य सामाजिक बुराइयों के विरोध का भव्य अवसर बन गया। विभिन्न समाजो व सामाजिक संगठनो के एक मंच पर आकर विमर्श करने, संगठित होने, संवाद करने एवम मतभेद दूर करने हेतू गणेशोत्सव का भरपूर उपयोग हुआ। इस उत्सव के माध्यम से राष्ट्रीयता और स्वशासन के स्वर मुखर होना प्रारंभ हो गए थे। गणेश पांडाल जनप्रबोधन के जाग्रत केंद्र बन गए। गणेशोत्सव के इस बढ़ते स्वरूप से अंग्रेज घबराने लगे। रोलेट कमेटी ने इस पर चिंता व्यक्त की रिपोर्ट में कहा गया था गणेशोत्सव के दौरान युवको और बच्चो की टोलिया सड़को पर घूम - घूम कर अंग्रेज विरोधी गीत गाती हे और पर्चे वितरित करती हे। इन पर्चो में अंग्रेजी शासन के विरुद्ध विद्रोह करने का संदेश होता था। स्वाधीनता आंदोलन को गति देने व सम्पूर्ण राष्ट्र को जाग्रत करने के गुण के कारण यह उत्सव सर्वधर्म प्रिय राष्ट्रीय उत्सव बन गया। स्वराज के ध्येय को इन गणेश पांडालों के माध्यम से ही राष्ट्रीय ध्येय बना दिया गया और अदभुत राष्ट्र जागरण का कार्य हुआ। इस राष्ट्र जागरण ने चारो और अंग्रेजो के विरुद्ध हल्ला बोल जेसी स्थिति का निर्माण कर दिया था। गणपति की उपासना को धर्म व व्यक्तिगत स्तर से उठाकर सामाजिक एवम राष्ट्रीय स्तर पर लाने का स्वतंत्रता सेनानियो का विलक्षण विचार साकार रूप ले चुका था। तत्कालीन परिस्थितियों में समाज व देश के लिए वो सर्वोच्च प्राथमिकता थी। वर्तमान स्थिति में देखे तो ध्यान में आता हे की समय काल परिस्थिति के कारण उत्सवो के स्वरूपो में बदलाव हुआ हे किंतु यह बदलाव कितना समाज हित में हे, देशहित में हे इस पर विचार करने की आवश्यकता हे। आज उत्सवो के कार्यक्रम की योजना बनाते समय आयोजको को इस बात पर विचार करना होगा की वर्तमान में हमारे देश की जो समस्याएं हे उसका निराकरण करने के लिए समाज को किन बातो के लिए जागरूक करना हे। भविष्य में जो चुनौतियां हमारे समाज और राष्ट्र निर्माण करने हेतू नवीन पीढ़ी को गड़ने के लिए हमे किस प्रकार के कार्यक्रमो की रचनाएं करना हे। स्वाधीनता के अमृत महोत्सव काल में हम गणपति बप्पा से आराधना करे की स्वतंत्रता के शताब्दी वर्ष के आने से पूर्व भारत माता अपने परम वैभव के शिखर पर विराजमान हो और हमारा देश भारत एक विकसित व सर्वशक्तिशाली राष्ट्र बन जाए।





**गौरव सोनी, मंदसौर**


दिनांक 11 सितम्बर 2024

**अपनी कुण्डली स्वयं देखे- ज्योतिषाचार्य पंडित यशवंत जोशी के साथ**

**मीन राशि के लोग...**



✲ मीन राशि जल तत्व की राशि है इस राशि के जातक अत्यधिक भावुक तथा दूसरों के बेहकावे में जल्दी आने वाले होते हैं, परिस्थिति वश इनका क्रोध बहुत ही उग्र हो जाता है, दिल के अच्छे होते है पर इन्हे अपनी अच्छाई प्रस्तुत करना नहीं आती, अपने क्रोध और ईर्ष्या भाव के कारण अपना ही नुकसान कर लेते हैं। इस पर नियंत्रण न रखकर भविष्य के दुखों को स्वयं आमंत्रित करते हैं।

जय दुर्गा ज्योतिष सेवा संस्थान एवं अनुष्ठान केंद्र मंदसौर
7024667840,8085381720


## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 28 | 2561 | 2703 |
| उडद | 1 | 6200 | 6200 |
| सोयाबीन | 3556 | 4000 | 4661 |
| गैहु | 2800 | 2501 | 3100 |
| चना | 133 | 6590 | 7296 |
| मसुर | 119 | 5600 | 6176 |
| धनिया | 160 | 5320 | 6700 |
| लहसुन | 10900 | 10000 | 27000 |
| मैथी | 360 | 531 | 5902 |
| अलसी | 1000 | 5250 | 5951 |
| सरसो | 322 | 4999 | 5759 |
| तारामीरा | 5 | 4800 | 4800 |
| इसबगोल | 30 | 8213 | 12500 |
| प्याज | 572 | 1380 | 3644 |
| कलोंजी | 24 | 15500 | 17881 |
| डॉलर | 15 | 5153 | 9500 |
| तिल्ली | 22 | 10201 | 13020 |
| मटरसुखी | 5 | 4281 | 6891 |
| असालीया | 33 | 9800 | 11181 |

# प्रदेश में समर्थन मूल्य पर होगी सोयाबीन की खरीद, केंद्र को प्रस्ताव भेजेगी मोहन सरकार

**भोपाल, 10 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** प्रदेश की मोहन सरकार ने सोयाबीन किसानों के हित में बड़ा फैसला किया है। प्रदेश की मंडियो में सोयाबीन का उपार्जन



न्यूनतम समर्थन मूल्य पर किया जाएगा। प्रदेश शासन का कृषि विभागज जल्द ही इस आशय का प्रस्ताव केंद्र को भेजेगा। मंगलवार को मंत्रालय में हुई मोहन कैबिनेट की बैठक में यह फैसला लिया गया। केंद्र की मंजूरी मिलने के बाद इसे प्रदेश में लागू कर दिया जाएगा। गौरतलब है कि किसान लंबे समय से सोयाबीन के दाम बढ़ाने की मांग कर रहे हैं।

**इन प्रस्तावों पर भी लगी मुहर–**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में क्षिप्रा नदी को प्रवाहमान बनाए रखने के लिए सिलारखेड़ी जलाशय की ऊंचाई बढ़ाई जाएगी। इसके लिए मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में 614 करोड रुपये की परियोजना को स्वीकृति दी गई। इससे 65 गांव की कुल 18800 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा भी उपलब्ध होगी। साथ ही नर्मदापुरम जिले की डोकरी खेड़ा जलाशय के शेष कमांड क्षेत्र को पिपरिया शाखा नहर से जल उद्वाहन कर सूक्ष्म सिंचाई पद्धति की स्वीकृति दी गई। भारतमाला परियोजना के अंतर्गत धार जिले की पीथमपुर तहसील में मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक पार्क की स्थापना के लिए प्रभावित ग्राम जामोदी की भूमि कलेक्टर गाइडलाइन से कम होने के कारण किसानों को प्राप्त मुआवजा राशि के अंतर की राशि स्पेशल पैकेज के तहत सरकार द्वारा दी जाएगी। कैबिनेट ने जामोदी के 85 भूधारकों के लिए अन्य ग्रामों की भूमि की तुलना में भूमि की कलेक्टर गाइडलाइन कम होने के कारण अंतर की राशि 24 लाख रुपये प्रति हेक्टेयर की दर से दोगुना मुआवजा देने के लिए 30.52 करोड रुपये का स्पेशल पैकेज स्वीकृत किया है। इसमें 15.26 करोड रुपये का भार राज्य सरकार द्वारा उठाया जाएगा।

इसके अलावा प्रदेश के 22 जिला एलोपैथी अस्पतालों में आयुष विंग के संचालन के प्रस्ताव पर भी कैबिनेट ने मुहर लगाई। आयुष विंग के संचालन के लिए नए पदों का सृजन भी किया जाएगा। इससे प्रदेश में आयुष चिकित्सा को नई मजबूती मिलेगी। कैबिनेट ने लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के अंतर्गत 36 पदों को समर्पित करने और 18 नए पद बनाने का निर्णय लिया। साथ ही चिकित्सा शिक्षा संचालनालय एवं स्वास्थ्य सेवाएं कार्यालय के 636 पदों का संविलियन करने की स्वीकृति भी दी गई। सागर चिकित्सा महाविद्यालय में पीजी और यूजी की सीट वृद्धि के लिए जिला चिकित्सालय को चिकित्सा महाविद्यालय में हस्तांतरित करने की स्वीकृति भी दी गई। प्रदेश सरकार ने बड़ा निर्णय लेते हुए निर्धारित किया है कि अब प्रदेश के निगम, मंडलों में अब विभागीय मंत्री अध्यक्ष होंगे। अभी तक विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रमुख सचिव या सचिव उनके अध्यक्ष थे। मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने बैठक में बताया कि संभाग, जिला, तहसील, विकासखंड इकाइयों का पुनर्गठन करने के लिए प्रशासनिक इकाई सुधार आयोग बनाया गया है। सभी मंत्री अपने प्रभार के जिलों में इस काम को देखें और जिन प्रशासनिक इकाइयों की सीमाओं का पुनर्निर्धारण किया जाना है, उसके संबंध में आमजन से चर्चा कर अनुशंसाएं आयोग को दें।

**प्रदेशभर में चलेगा स्वच्छता अभियान–** प्रदेश में स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जन्मतिथि 17 सितंबर से इसकी शुरुआत होगी और दो अक्टूबर यानी गांधी जयंती तक प्रदेश में स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कैबिनेट बैठक से पूर्व मंत्रियों को निर्देश दिया कि सभी 17 सितंबर को अपने-अपने प्रभार के जिलों में रहें और जनता को स्वच्छता के कार्यक्रम से जोड़ें।

# गौरीकुंड और सोनप्रयाग के बीच भूस्खलन, पांच तीर्थयात्रियों की मौत, मृतकों में एमपी के नागरिक भी

**देहरादून, 10 सितम्बर।** उत्तराखंड के रूद्रप्रयाग जिले में केदारनाथ धाम यात्रा मार्ग पर भूस्खलन के कारण फंसे तीर्थयात्रियों में से मंगलवार सुबह चार और शव बरामद हुए हैं, जिससे मृतकों की संख्या आज पांच हो गई है। जबकि तीन अन्य को घायल अवस्था में बाहर निकाला गया है। मृतक और घायलों में पड़ोसी देश नेपाल के साथ, मध्य प्रदेश और गुजरात के यात्री शामिल हैं। राहत और बचाव कार्य अभी जारी है।

रूद्रप्रयाग के अपर जिलाधिकारी श्याम सिंह राणा ने बताया कि उन्हें सूचना मिली कि कोतवाली सोनप्रयाग क्षेत्रान्तर्गत, सोनप्रयाग से लगभग 01 किमी दूर गौरीकुण्ड की तरफ हाल ही में हुए भूस्खलन प्रभावित क्षेत्र में गौरीकुण्ड से सोनप्रयाग की ओर आ रहे कुछ यात्री मलबे में दब गए हैं। सूचना पर पुलिस, प्रशासन, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ व डीडीआरएफ की ओर से संयुक्त बचाव अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान देर रात तीन व्यक्तियों को घायल अवस्था में बाहर निकाला गया, जबकि एक अचेत अवस्था में मिला जिसे डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि यहां पर रात के समय खराब मौसम व लगातार मलबा-पत्थर आने के कारण रेस्क्यू टीमों को अपना कार्य करने में दिक्कतें आयी व बचाव कार्य रोकना पड़ा। राणा के अनुसार, मंगलवार तड़के रेस्क्यू टीमों द्वारा फिर बचाव कार्य शुरू किया गया। इस स्थल पर 3 व्यक्ति (2 महिला व 1 पुरुष) अचेत अवस्था में मिले, जिनको डॉक्टरों द्वारा मृत घोषित किया गया है। उन्होंने बताया कि लगातार चले बचाव अभियान के दौरान, कुछ देर बाद रेस्क्यू टीमों को एक और महिला अचेत अवस्था में मिली, जिनको डॉक्टरों द्वारा मृत घोषित किया गया है। इस प्रकार इस हादसे में मृतकों की संख्या 05 हो गई है। उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान गोपाल पुत्र भक्तराम, निवासी जीजोड़ा, पोस्ट राजोद, जिला धार, मध्य प्रदेश, उम्र 50 वर्ष, दुर्गाबाई खापर पत्नी संघन लाल निवासी नेपावाली, जिला घाट, मध्य प्रदेश, उम्र 50 वर्ष, तितली देवी पत्नी राजेंद्र मंडल, निवासी ग्राम वैदेही, जिला धनवा, नेपाल, उम्र 70 वर्ष, भारत भाई



निरालाल पुत्र निरालाल पटेल, निवासी ए 301, सरदार पैलेस करवाल नगर, खटोदरा, सूरत, गुजरात, उम्र 52 वर्ष और समनबाई पत्नी शालक राम, निवासी झिझोरा, जिला धार मध्य प्रदेश, उम्र 50 वर्ष के रूप में हुई है।

अपर जिलाधिकारी राणा ने बताया कि इसके अतिरिक्त, जीवच तिवारी पुत्र रामचरित, निवासी धनवा नेपाल, उम्र 60 वर्ष, मनप्रीत सिंह पुत्र कश्मीर सिंह, निवासी वेस्ट बंगाल, उम्र 30 वर्ष और छगनलाल पुत्र भक्त राम, निवासी राजोत, जिला धार, मध्य प्रदेश, उम्र 45 वर्ष को घायल अवस्था में रेस्क्यू किया गया है। जिनका उपचार किया जा रहा है। रूद्रप्रयाग के जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने बताया कि जनपद पुलिस के स्तर से यात्रियों की सुरक्षा के दृष्टिगत रात्रि के 06.30 बजे के बाद आवाजाही बिल्कुल बन्द कर दी गयी थी। जो लोग इस समयावधि से पहले गौरीकुण्ड से सोनप्रयाग की ओर चले गये थे, उन लोगों के साथ यह हादसा हुआ। उन्होंने बताया कि बाधित चल रहा मार्ग पैदल आवागमन के लिए खुल चुका है। सुरक्षा बलों की देखरेख में यात्रियों को सुरक्षित तरीके से सोनप्रयाग की ओर भेजा जा रहा है।

## चाइना लहसुन, किसानों के विरोध के चलते नही शुरु हुई नीलामी

**पिपलियामंडी, 10 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** चाइना लहसुन के विरोध में प्रदेशभर में कृषि मंडियों के बंद के आव्हान के बावजूद मंगलवार को पिपलिया कृषि उपज मंडी में नीलामी शुरु करने की मुनादी कराई तो किसानों ने विरोध कर दिया, इसके चलते नीलामी शुरु नही हो पाई। जानकारी के अनुसार किसान यूनियन मध्यप्रदेश व लहसुन व्यापारियों की ओर से चाइना लहसुन के विरोध में 10 सितम्बर 2024 को प्रदेश की सभी मंडियों को बंद रखने का आव्हान किया था। इसी के तहत मंडी व्यापारी संघ ने भी पिपलिया कृषि उपज मंडी बंद रखने के लिए दो दिन पूर्व मंडी सचिव को आवेदन दिया था। लेकिन मंगलवार को पिपलिया कृषि उपज मंडी में लहसुन नीलामी शुरु करने की मुनादी कराई तो क्षेत्र के किसानों ने विरोध किया और कृषि मंडी पहुंचे, किसानों के विरोध के बाद नीलामी शुरु नही हो पाई। इधर मंडी व्यापारी संघ अध्यक्ष कृष्णकुमार भूत ने बताया बंद का आव्हान था, लेकिन शासन द्वारा उक्त समस्या को हल करने का आश्वासन दिया जाने के बाद नीलामी शुरु करना तय हुआ था, लेकिन किसानों के विरोध के बाद नीलामी शुरु नही हो पाई।

# किसानों को फसलों का वाजिब मूल्य दिलाकर ही चैन से बैठेगी कांग्रेस- पटवारी

**मंदसौर/गरोठ, 10 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने किसान न्याय यात्रा का शुभारंभ गरोठ-भानपुरा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम देवरिया से किया। जहां पर सोयाबीन फसल का वाजिब दाम नहीं मिलने से कमलेश पाटीदार द्वारा अपनी सोयाबीन की फसल को रोटावेटर चलाकर नष्टकर दी गई थी। जीतू पटवारी ने किसान कमलेश पाटीदार से मुलाकात कर उनके खेत से ही किसान न्याय यात्रा का आगाज किया। जिसके बाद वह ट्रैक्टर रैली के रूप में क्षेत्र के ग्राम साठखेड़ा पहुंचे। जहां पर उन्होंने सभा को संबोधित किया। गरोठ विधानसभा क्षेत्र में अपने निर्धारित कार्यक्रम से करीब 4 घंटे देरी से पहुंचे।

जीतू पटवारी ने आम सभा में कहा की विधानसभा चुनाव पूर्व भाजपा ने प्रदेशवासियों तथा किसानों से अनेक वादे किए, परंतु सरकार बनने के बाद वह वादों को भूल चुकी है। प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान तथा उनके नेताओं ने 20 वर्ष के कार्यकाल में कई बार किसानों की आय को दोगुना किए जाने की बात कही। परंतु किसानो की आय जहां की तहां ही है। किसानों का हक दिलाने के लिए कांग्रेस पार्टी ने



किसान न्याय यात्रा का आगाज किया है। जहां तक किसानों को सोयाबीन सहित सभी फसलों का वाजिब दाम नहीं मिलेगा वहां तक कांग्रेस कार्यकर्ता चुप नहीं बैठेंगे और किसानों को अपनी फसल का वाजिब दाम दिलाकर ही चैन से बैठेंगे।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने इस दौरान प्रदेश सरकार की लाड़ली बहना योजना पर भी कहा कि लाड़ली बहनाओं को 3000 रुपये देने की बात करने वाले सरकार के नुमाइंदों ने अभी तक राशि नहीं बढ़ाई है। जितनी राशि वह महिलाओं को दे रहे हैं, उससे चार गुना तो वह बिजली के नाम पर जीजाओं से वसूल रहे हैं। आमसभा को सुसनेर विधायक भैरोंसिंह बापू, भोपाल विधायक आरिफ मसूद, तराना विधायक महेश परमार सहित अन्य कांग्रेस नेताओं ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन कांग्रेस नेता मनजीतसिंह टूटेजा ने किया।

# पुरातात्विक स्थलों के जीर्णोद्धार के लिए कार्य योजना बनाएं-कलेक्टर

**मंदसौर, 10 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग की अध्यक्षता में पशुपतिनाथ मंदिर सभागार में जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान कलेक्टरश्रीमतीगर्ग ने निर्देश देते हुए कहा कि जिले में पुरातात्विक स्थलों के जीणोद्धार के लिए कार्य योजना बनाएं। दशपुर संग्रहालय मंदसौर के मरम्मत, लाइट, कलर का कार्य करवाए। साथ ही संग्रहालय में रखी



हुई मूर्तियां के साथ उसकी जानकारी के लिए कैप्शन भी लिखवाए। धर्मराजेश्वर बौद्ध गुफा, भानपुरा संग्रहालय, हिंगलाजगढ किला के संरक्षण के लिए डीपीआर बनाएं। मंदसौर में पर्यटन गतिविधियां बडे इसके लिए प्लान बनाकर कार्य करें। पर्यटन स्थलों के बेहतर आकर्षक वीडियो बनाएं। सभी स्थलों तक सडक की अच्छी कनेक्टिविटी हो। इस पर कार्य करें। धर्मराजेश्वर में कैफे हाउस बनाएं। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक आनंद, सीईओ जिला पंचायत श्री कुमार सत्यम, वन मंडल अधिकारी श्री संजय रायखेरे, डिप्टी कलेक्टर श्री रविंद्र परमार, मंदसौर एसडीएम श्री शिवलाल शाक्य, पर्यटन एवं पुरातत्व विभाग के प्रभारी अधिकारी डॉ जेके जैन सहित संबंधित अधिकारी, कर्मचारी मौजूद थे।

गांधी सागर में आयोजित होने वाले फ्लोटिंग फेस्टिवल के लिए जल्द तारीख तय करें। पशुपतिनाथ लोक निर्माण में बेहतर से बेहतर पत्थर लगाए तथा उनका अच्छे से जुड़ाव करें। मंदिर परिसर में पुलिस सहायता केंद्र भी बनाए। मंदिर परिसर में पर्यटकों के बैठने के लिए ऐसे स्थान पर बैठने की व्यवस्था करें जहां से मंदिर का नजारा अच्छे से दिखे। मंदिर का पानी एवं कचरा शिवना ड्रेनेज सिस्टम से जोड़े। मंदिर में चढ़ने के पश्चात खराब फूलों से अगरबत्ती जैसी सामग्री बनवाए। इसके लिए स्वसहायता समूह को इससे जोड़े। धर्मशाला को और बेहतर किया जाए। घाट को मंदिर के साथ जोड़े। बैठक के पश्चात कलेक्टर ने पशुपतिनाथ लोक निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। साथ ही निर्माण एजेंसी एवं पर्यटन विकास निगम को आवश्यक निर्देश दिए।

# पिता के आपरेशन के नाम पर दोस्त से साढ़े 19 लाख हड़पने वाला गिरफ्तार

**मल्हारगढ, 10 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** आधार कार्ड में जालसाजी कर दोस्त से 19 लाख से अधिक की धोखाधड़ी करने वाले आरोपी राहुल गुर्जर को मल्हारगढ पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी रेप के मामले में भी फरार था। पुलिस से बचने के लिए पहचान छुपाकर रह रहा था। आरोपी ने गांव में खुद को मृत घोषित कर दिया था।

मल्हारगढ एसडीओपी नरेंद्र सोलंकी ने बताया कि फरियादी शिवशंकर पाटीदार ने शिकायत दर्ज करवाई थी। रतलाम के अलकापुरी निवासी राहुल गुर्जर से उसकी पहचान थी। प्रॉपर्टी के कामकाज में उसकी लेनदेन होती रहती थी। पिछले दिनों राहुल ने उसके पिता श्यामलाल की दोनों किडनिया खराब होने का बताकर आपरेशन के लिए 19 लाख 40 हजार रुपये उधार लिए थे। इसके बाद से ही वह गायब हो गया था और मोबाइल भी बंद था। फरियादी ने तलाश किया तो पता चला कि राहुल के पिता का नाम श्याम नहीं मोहन है। उसने अपने आधार कार्ड में छेड़छाड़ कर नाम, पता और पिता का नाम बदल दिया था। इतना ही नहीं वह रतलाम का नहीं नीमच जिले के ग्वाल तालाब थाना जीरन का रहने वाला है। नाबालिग से रेप के मामले में वह फरार है और गांव में उसने खुद को मृत घोषित कर रखा है।

पुलिस को जांच में यह भी पता चला कि उसके पिता की दोनो किडनियां भी ठीक है। इसके बाद बाप बेटे के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की गई। मल्हारगढ टीआई राजेंद्र पंवार के नेतृत्व में टीम बमकर आरोपी की तलाश शुरू की गई। साइबर सेल और मुखबीर सूचना पर पुलिस ने आरोपी राहुल पिता मनोहर लाल गुर्जर को पाटन जिला झालावाड राजस्थान से गिरफ्तार किया है।

## पात्र होने के बावजूद नही मिला आवास योजना का लाभ

**पिपलियामंडी, 10 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** गांव मुण्डकोषा में पात्र होने के बावजूद आवास योजना का लाभ नही मिलने से परेशान गरीब परिवार ने कलेक्टर के समक्ष जनसुनवाई में शिकायत दर्ज की। ग्राम पंचायत बरखेड़ा जयसिंह अन्तर्गत गांव मुण्डकोषा निवासी प्रभुलाल पिता नारु नायक ने कलेक्टर को की शिकायत में बताया कि पात्र होने के बावजूद आवास योजना का लाभ नही मिला। कच्चा मकान गिरने की कगार पर पर है। क्षेत्र के विधायक व वित्तमंत्री जगदीश देवड़ा को भी आवेदन दिया, लेकिन कोई सुनवाई नही हुई। प्रभुलाल ने आवास योजना का लाभ देने की मांग की।

# डोडाचूरा तस्करी का आरोपी रिमाण्ड पर, देने वाला फरार

**पिपलियामंडी, 10 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** बेग में डोडाचूरा ले जाते पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया, वहीं एक फरार है। गिरफ्तार आरोपी को कोर्ट ने दो दिन पुलिस रिमाण्ड पर सौंपने के आदेश दिए। पिपलिया थाने के एसआई नीतिन कुमावत ने बताया मुखबिर की सूचना पर बीती रात्रि थड़ोद फन्टे पर खड़े युवक की तलाशी ली, जिसके पास दो बेग से साढ़े 26 किलो डोडाचूरा बरामद हुआ। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपनी पहचान ग्वालियर निवासी राजा पिता राकेश परिहार होना बताई। आरोपी ने उक्त डोडाचूरा लसुड़िया राठौर निवासी रोहितसिंह पिता गुड्डूसिंह से लेना बताया। रोहितसिंह ही आरोपी को थड़ोद फन्टे पर छोड़ गया था। पुलिस ने फरार रोहितसिंह को भी आरोपी बताया है। एनडीपीएस एक्ट में केस दर्ज कर राजा को मंगलवार को एनडीपीएस एक्ट कोर्ट में पेश किया, जिसे दो दिन पुलिस रिमाण्ड पर सौंपने के निर्देश दिए।

## हिन्दू समाज के प्रतिनिधि मण्डल ... पेज 1 से जारी

में आक्रोश पनपने लगा था और आज सकल हिन्दू समाज के एक प्रतिनिधिमण्डल ने कलेक्टर राजेश बाथम से मुलाकात कर सारे घटनाक्रम में पुलिस को दोषी ठहराया है। प्रतिनिधि मण्डल द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में हा गया है कि पुलिस द्वारा गणेश प्रतिमा के जुलूस पर हुए पथराव की घटना को बेवजह झुठलाते हुए इसे कोरी अफवाह करार दिया गया। पथराव करने वाले असामाजिक तत्वों की खोजबीन के लिए कोई कोशिश ना करते हुए हिन्दू समाज के युवकों पर बेवजह लाठीचार्ज किया गया। कुछ लोगों को घरों से निकालकर उनके साथ बर्बरतापूर्वक मारपीट की गई और उनके घरों की महिलाओं के साथ अभद्रता की गई।

**पुलिस मारपीट से युवक की मौत–**ज्ञापन में यह भी आरोप लगाया गया है कि पुलिस की क्रूरतापूर्ण मारपीट और लाठीचार्ज के कारण एक युवक की मौत हो गई, लेकिन पुलिस ने मृतक प्रभु मेडा के परिजनों को धमका कर इस हत्या के मामले को दबाने का प्रयास किया। मृतक प्रभू मेडा का पोस्टमार्टम भी नहीं करवाया गया और उसके परिवारजनों को डरा धमका कर उसका अंतिम संस्कार करवा दिया गया। ज्ञापन में मांग की गई है कि मृतक प्रभु मेडा की हत्या का प्रकरण दर्ज कर दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्यवाही की जाए। चौबीस घण्टे का अल्टीमेटम प्रतिनिधि मण्डल ने कलेक्टर राजेश बाथम को ज्ञापन देकर चौबीस घण्टे में मामले की जांच करवा कर दोषी व्यक्तियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। प्रतिनिधि मण्डल ने कहा है कि यदि दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही नहीं की गई तो हिन्दू समाज द्वारा चरणबद्ध ढंग से आन्दोलन किया जाएगा, जिसकी सारी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

**ये थे शामिल–**हिन्दू जागरण मंच के जिला संयोजक कमलेश ग्वालियरी के नेतृत्व में कलेक्टर के पास पंहुचे प्रतिनिधि मण्डल में भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, महामंत्री निर्मल कटारिया, भाजपा नेता अशोक चौटाला, प्रवीण सोनी, अशोक पोरवाल, सामाजिक कार्यकर्ता मोहन मुरलीवाला, वीरेंद्र वफगावकर मनोहर पोरवाल, राजेश कटारिया सतीश त्रिपाठी और विनोद मूणत आदि शामिल थे।

# राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम सम्पन्न

**मंदसौर, 10 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस



कार्यक्रम के तहत शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल में बच्चों को एल्बेन्डाजोल की गोली खिलाकर शुभारंभ मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारीडॉ.जी.एस. चौहान द्वारा किया गया। कार्यक्रम में जानकारी देते हुए डॉ. चौहान ने बताया कि जिले में 01 से 19 वर्ष तक के 489984 बच्चें व किशौर-किशौरियों को 10 सितम्बर को निजी एवं शासकीय स्कूलों, आंगनवाड़ी केन्द्रों पर गोली खिलाई जायेगी, जोकि साल में एक बार गोली खिलाई जाती है जिससे बच्चों, किशौर-किशौरियों में कृमि न हो तथा बच्चें व किशौर-किशौरियों स्वस्थ्य रहें। शुभारंभ अवसर पर मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी व स्कूल स्टॉफ द्वारा एल्बेन्डाजोल की गोली खाई गई। उसके बाद स्कूली बच्चों को एल्बेन्डाजोल की गोली खिलाई गई।

डॉ. सुरेश सौलंकी, जिला टीकाकरण अधिकारी ने बताया कि जिले में सभी आंगनवाड़ीकेन्द्रों व स्कूलो में एल्बेन्डाजोल की गोली 10 सितम्बर को खिलाई जा रही हैं जो बच्चें 10 सितम्बर को स्कूल नही आये हैं उन्हें यह गोली 13 सितम्बर को खिलाई जायेगी। शुभारंभ कार्यक्रम में क्षेत्रीय समन्वयकएविडेंस ऐक्शन क्षेत्रीय कार्यालय उज्जैन श्री कपिल कुमार यति, प्राचार्य शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल श्री के.सी. सौलंकी, जिला मीडिया अधिकारी डॉ.एम.एल. कश्यप, श्री महेन्द्र परमारएपीएम, श्री कमलेश डंडोतिया एमआईएस, श्री सुरेश मुवेल कार्डिनेटर आरबीएसके, श्री अमित गोले बीपीएम, श्रीमती कान्ता भण्डारी पर्यवेक्षक एवं स्कूल स्टॉफव स्टूडेंट आदि उपस्थित रहें।

## जिले में अब तक 820.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**मंदसौर, 10 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** जिले में इस वर्ष अबतक औसतन 820.9 मि.मी. वर्षा दर्ज की गयी है। जबकि पिछले 24 घन्टों में मंदसौर जिले में 6.2 मिमी वास्तविक वर्षा दर्ज की गई है। पिछले 24 घन्टों में मंदसौर में 12.0 मि.मी., सीतामऊमें 2.4 मि.मी. सुवासरा में 0 मि.मी., गरोठ में 1.2 मि.मी., भानपुरा में 0 मि.मी., मल्हारगढ मे 26.0 मि.मी., धुधंड़का में 18.0 मि.मी., शामगढ़ में 0 मि.मी., संजीत में 4.0 मि.मी., कयामपुर में 5.0 मि.मी. एवं भावगढ़ में 0 मि.मी वास्तविक वर्षा दर्ज की गई है। विगत 1 जून से अबतक वर्षामापक केन्द्र मंदसौर में 714.0 मि.मी., सीतामऊमें 856.8 मि.मी. सुवासरा में 892.0 मि.मी., गरोठ में 784.9 मि.मी., भानपुरा में 719.0 मि.मी., मल्हारगढ मे 787.0 मि.मी., धुधंड़का में 842.0 मि.मी., शामगढ़ में 1101.2 मि.मी., संजीत में 705.0 मि.मी., कयामपुर में 741.6 मि.मी. एवं भावगढ़ में 886.7 वास्तविक वर्षा दर्ज की गई है। गांधीसागर बांध का जल स्तर अब तक 1308.00 फीट है।

# मांगों को लेकर कछावा का आमरण अनशन प्रारम्भ

**मनासा, 10 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधी आर.सागर कछावा 16 सुत्रीय मांगो को लेकर मंगलवार को एसडीएम पवन बारिया को आवेदन देने के बाद कोर्ट के बाहर आमरन अनशन पर बैठे। कछावा को आमरन अनशन पर जिला कांग्रेस कार्यवाहक अध्यक्ष और आदीवासी किसानो ने माला पहनाकर अनशन शुरू करवाया। पहले ही दिन आमरन अनशन को किसानो के साथ ही कांग्रेस का भी समर्थन मिला। वही रामपुरा क्षेत्र के गांव भदाना से 10 महिलाओं ने भी मनासा पहुंचकर अनशन को अपना समर्थन दिया।

आमरन अनशन से पहले जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधी किसानो और कांग्रेस कार्यकर्ताओ के साथ 11.30 बजे जनपद पंचायत के सामने से रैली के रूप में नारेबाजी करते हुए एसडीएम कार्यालय पहुचे। जहां पर एसडीएम पवन बारिया को 16 सुत्रीय मांगो को लेकर किए जा रहे आमरन अनशन के बारे में आवेदन सौपा। एसडीएम को आवेदन देने के बार अभिजित मुर्हुत में कछावा ने आमरन अनशन शुरू किया। पहले दिन अनशन को जनता का अच्छा खासा



समर्थन मिला। आमरन अनशन में उपस्थित किसानो और आमजन को संबोधित करते हुए जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधी कछावा ने कहा कि क्षेत्र के आदीवासीयों और किसानो के साथ आमजन के साथ हो रही ज्यादतियों एंव 16 सुत्रीय मांगो को लेकर मुझे आमरन अनशन करने पर मजबुर होना पड़ा। प्रशासन सरकार के दबाव में जनता की समस्यांओ को अनदेखा कर रहा है। आपकी समस्यांओ को लेकर 13 अगस्त को प्रशासन को अल्टीमेटम दिया था। उसके बाद भी एक भी समस्यां का समाधान नही किया गया। इससे पहले भी खिमला ब्लाक में ग्रीन को कंपनी के खिलाफ किसानो के हित में धरना प्रदर्शन किया था। लेकिन कुछ राजनीति लोगो ने षडयंत्र कर उसे विफल कर दिया। कछावा ने जिले के तत्कालीन कलेक्टर रहे दिनेश जैन पर आरोप लगाते हुए कहा कि कलेक्टर ने निजी कंपनीयों और सत्ता पक्ष के दबाव में आदीवासीयों की जमीनो के विक्रय आदेश नियम विरुद्ध किए। कलेक्टर जैन के खिलाफ एफआईआर दर्ज होना चाहिए। निजी कंपनीयों द्वारा जो किसानो की जमीने कोडीयों के भाव खरीदी गई उन्हे न्याय मिलना चाहिए। ऐसी 16 मांगो का जब तक प्रशासन हल कर न्याय नही करेगा तब तक अनशन पर बैठा रहूगा। न्याय के लिए भले ही मेरी जान क्यों नही चली जाएं। जिला कांग्रेस कार्यवाहक अध्यक्ष चंद्रशेखर पालीवाल ने कहा कि कछावा द्वारा जो आमरन अनशन किया जा रहा है वो निजी स्वार्थ के लिए नही बल्कि किसानो, आदीवासीयो और आमजन की समस्यांओ को लेकर किया जा रहा है। इनका उद्देश्य पवित्र है। पालीवाल ने कहा कि पटवारीयों द्वारा किसानो के साथ में जिस तरह से भ्रष्टाचार किया जा रहा है। उन पटवारीयों के खिलाफ एसडीएम कार्रवाई क्यों नही कर रहे है। कार्रवाई नही होने से ऐसा लगता है कि इसमें एसडीएम साहब भी बराबरी के हिस्सेदार है। प्रतिदिन हर गांव से ग्रामीण जन आएं और आमरन अनशन को अपना समर्थन दे। कछावा के साथ कांग्रेस पुरी ताकत के साथ में खडी है और समर्थन करती है। आमरन अनशन को कुकडेश्वर ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष कैलाश राठौर, किसान कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश धनगर, युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष लखन तुगनावत, हिम्मतसिह चंद्रावत, जाकीर अंसारी, राजाराम रावत, मानसिंह, सहित बडी संख्या में किसान आदीवासीयों ने समर्थन दिया। संचालन पूर्व किसान कांग्रेस अध्यक्ष ओम रावत ने किया।

**60 किमी दुर बस से आई महिलाएं दिया समर्थन–**जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधी कछावा के आमरन अनशन को समर्थन देने के लिए मुख्यालय से 60 किमी. दुर गांव भदाना से 10 से 15 महिलाएं बस से सुबह मनासा आई और आमरन अनशन को 5 घंटे तक अपना समर्थन दिया। गांव भदाना से आई महिला कुशनीबाई भील, सोहनबाई किर, शांतिबाई किर, हुडडीबाई किर, लीलाबाई किर, रोडीबाई किर, अंशुबाई किर ने कहा कि इस लडाई में हम कछावा के साथ है। हमारी जमीने भी वन विभाग चिता प्रोजेक्ट के नाम पर छिनने की तैयारी कर रहा है। हमारे गांव से हर दिन महिलाएं और पुरूष आमरन अनशन में आएंगे।

**चिता प्रोजेक्ट का क्षेत्रफल बढ़ाने से 5 हजार गायो की हुई मौत–**जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधी ने चिता प्रोजेक्ट को लेकर सरकार और प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाएं है। कछावा ने कहा कि चिता प्रोजेक्ट का क्षेत्रफल बढाने के चलते गायो के चरने की जगह नही बची है। जिसके कारण चेनपुरिया ब्लाक में अभी तक 5 हजार गायों की मौत हो चुकी है। वहां के पशुपालको के परिवारो का पालन पोषण गायो से ही होता है। इसकी जांच करने आज तक प्रशासन ने कोई जांच टीम गांव में नही भेजी।

आवश्यकता है
दैनिक गुरु एक्सप्रेस
कार्यालय में ऑफिस बॉय की आवश्यकता है।
वेतन योग्यता अनुसार
संपर्क
संपर्क समय- शाम 4 से 6 बजे तक
कार्यालय दैनिक गुरु एक्सप्रेस
9425105928. 8319964648

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीडिया एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in